

नवभारत
इंदौर, रविवार, 09 नवम्बर, 2025


### एक नजर में

## एजुकेट गर्ल्स को मिला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

**इंदौर.** भारत की गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार संस्था को भारत की लाखों बालिकाओं की शिक्षा में असाधारण परिवर्तन लाने और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से शिक्षा को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रदान किया गया है. एजुकेट गर्ल्स यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय संस्था बन गई है. पुरस्कार ग्रहण करते हुए एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन ने कहा यह पुरस्कार हमारी उन बालिकाओं के नाम है जो अपने साहस, हिम्मत और दृढ़ निश्चय से हमें हर दिन प्रेरित करती हैं. वे बालिकाएं जो घर के कामकाज के बीच देर रात तक पढ़ाई करती हैं ताकि स्वयं और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बना सकें. यह सम्मान उन अभिभावकों, शिक्षकों, समुदाय के सदस्यों और 55,000 टीम बालिका स्वयंसेवकों के नाम है जो हर दिन इन बालिकाओं के साथ खड़े हैं.

## टायर बफिंग और ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन




**इंदौर.** टायर उद्योग में नवाचार की दिशा में जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज़ ने नैट्रैक्स, पिथमपुर में भारत की पहली सटीक 'टायर बफिंग और ग्राइंडिंग मशीन' का उद्घाटन किया. यह उद्घाटन देश में घिसे हुए टायरों के प्रदर्शन मूल्यांकन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और टायर सुरक्षा को नए स्तर पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उद्घाटन समारोह में जेके टायर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया, नैट्रैक्स के निदेशक डॉ. मनीष जायसवाल तथा अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. उद्घाटन पर जेके टायर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा नैट्रैक्स में प्रिसिजन टायर बफिंग और ग्राइंडिंग मशीन (वेट ग्रिप ऑन वॉर्न टायर) के उद्घाटन के साथ, जेके टायर ने भारत में टायर परीक्षण और सुरक्षा नवाचार को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है. यह हमारे नवाचार, तकनीकी नेतृत्व और आधुनिक इंजीनियरिंग के माध्यम से वाहन सुरक्षा को बेहतर बनाने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही विश्वस्तरीय परीक्षण अवसंरचना के निर्माण में हमारे योगदान को भी.

## हाबिल्ड और वर्की का ऑफलाइन वेलनेस इवेंट

**इंदौर.** हैबिट-बिल्डिंग प्लेटफॉर्म हाबिल्ड और वर्की ने मिलकर एक ऑफलाइन वेलनेस इवेंट का आयोजन किया, जिसमें शहरभर से आए 1000 से अधिक सदस्यों, परिवारों और फिटनेस प्रेमियों ने हिस्सा लिया. हाबिल्ड के संस्थापक सौरभ बोथरा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम शहर में बढ़ती फिटनेस और सामुदायिक वेलनेस की भावना का उत्सव था. सौरभ बोथरा ने कहा हमारा इंदौर में एक मजबूत समुदाय है. हम हर सुबह उनकी स्क्रीन पर नज़र आते हैं. आज जब वही ऊर्जा, मुस्कानें और प्रतिबद्धता ऑफलाइन देखी- ऐसा लगा मानो समुदाय सच में घर लौट आया हो. यही निरंतरता का परिणाम है- जुड़ाव. यह आयोजन वर्की के सहयोग से और टाई मध्य प्रदेश के समर्थन से किया गया था. सावन लड्ढा, संस्थापक, वर्की और अध्यक्ष, टाई मप्र ने कहा हाबिल्ड और सौरभ बोथरा के साथ इस आयोजन को इंदौर के लोगों के लिए आयोजित करना शानदार अनुभव रहा.

## ईआईसीएमए में पेश हुई बीएसए की एडवेंचर बाइक

**इंदौर.** बीएसए ने ईआईसीएमए में अपनी चौथी बाइक पेश की है, जिसे बीएसए थंडरबोल्ट नाम दिया गया है. यह नई एडवेंचर बाइक आकर्षक डिजाइन और इस सेगमेंट में जरूरत वाली आधुनिक राइडिंग टेक्नोलॉजी का दमदार मेल है. नई बीएसए थंडरबोल्ट को नई पीढ़ी के राइडर्स को ध्यान में रखकर दोबारा तैयार किया गया है. क्लासिक लीजेंड्स प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर और बीएसए ब्रांड के मालिक अनुपम थरेजा ने कहा यह दुनिया की सबसे बेहतरीन 350सीसी एडीवी बाइक है. यकीन नहीं होता तो इसे चलाकर देख लीजिए और अगर गलत लगे तो मुझे साबित कर दीजिए. आज हमने ईआईसीएमए में नई बीएसए थंडरबोल्ट पेश की है, साथ ही हमने एक ग्लोबल एडीवी प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है. क्लासिक लीजेंड्स हर ब्रांड के अलग डीएनए को समझती है और हम इसे सुरक्षित रखना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं. क्लासिक लीजेंड्स के डायरेक्टर और को-फाउंडर तथा बीएसए ब्रांड के मालिक बोमन ईरानी ने कहा नई बीएसए थंडरबोल्ट पूरी तरह एडवेंचर के लिए तैयार है और लंबी दूरी तय करने की इंजीनियरिंग के साथ आई है. ऑन-रोड और ऑफ-रोड दोनों परिस्थितियों में बेहतर नियंत्रण, शानदार परफॉर्मेंस और आसान राइडिंग क्षमता के साथ यह बाइक राइडर को भरोसा देती है.

## हमारी तकदीर श्रेष्ठ और शुद्ध कर्म ही बनाएंगे : पं. प्रभु नागर

**इंदौर.** हमारी तकदीर कोई ठेकेदार, इंजिनियर या आर्किटेक्ट से लगाकर हमारे माता-पिता और गुरु भी नहीं बना सकते. तकदीर बनती है हमारे श्रेष्ठ कर्मों से. हमारे जैसे कर्म होंगे फल भी वैसे ही मिलेंगे और तकदीर भी उन्हीं से बनेगी. विश्वास रखें कि यदि हमारी करनी अच्छी होगी तो हमारे भाग्य का निर्माण भी अच्छा ही होगा. हमारे मन, कर्म और वचन और व्यवहार से किसी को भी चोंट नहीं पहुंचना चाहिए. याद रखें कि कर्म शुद्ध होंगे तो विचार भी शुद्ध होंगे, विचार शुद्ध होंगे तो भाग्य भी शुद्ध होगा, भाग्य शुद्ध होगा तो भक्ति भी शुद्ध होगी और भक्ति शुद्ध होगी तो हम सबका जीवन भी परमशुद्ध बन जाएगा. ये प्रेरक विचार हैं मालव माटी के सपूत और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र तथा भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर के, जो उन्होंने शुक्रवार को अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित जन सैलाब को विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में मालवा के अलावा राजस्थान और अन्य जिलों से भी श्रद्धालु बोरिया-बिस्तर और राशन-पानी लेकर ट्रेक्टर-ट्राली, बोलेरो और अन्य निजी वाहनों से आए हुए हैं.

# तनावमुक्त कार्य वातावरण हेतु तीन दिवसीय ध्यान सत्र का शुभारंभ

**देवास।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव नियंत्रण और सकारात्मक कार्य वातावरण निर्माण हेतु तीन दिवसीय ध्यान एवं रिलैक्सेशन सत्र का शुभारंभ पुलिस लाईन देवास में किया गया। यह ध्यान प्रशिक्षण हार्टफुलनेस मेडिटेशन प्रोटोकॉल पर आधारित है, जिसका संचालन हार्टफुलनेस प्रशिक्षक स्टेनो जवाहर सिंह एवं प्रधान आरक्षक आशीष सिंह राठौर द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन, तथा कार्य क्षमता में वृद्धि प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस 08 नवंबर 2025 को लगभग 35



पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों द्वारा मेडिटेशन किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सबसे पहले रिलैक्सेशन एक्सरसाइज, श्वास-प्रश्वास नियंत्रण, तथा आंतरिक शांत अवस्था का अनुभव कराया गया।

### प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य

पुलिस बल में मानसिक तनाव और कार्य दबाव को कम करना, निर्णय क्षमता, धैर्य और भावनात्मक संतुलन बढ़ाना, सकारात्मक सोच और टीम भावना को मजबूत करना, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य और मनोबल में वृद्धि करना।

प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित ध्यान से तनाव स्तर में कमी, नींद की गुणवत्ता में सुधार, रक्तचाप नियंत्रण, मन की एकाग्रता, व्यक्तित्व में शांति और संतुलन जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं, जो पुलिस सेवाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इसके पश्चात् ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, साथ ही हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के वैज्ञानिक और मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### आगामी सत्र

यह ध्यान सत्र आगामी दो दिनों तक नियमित रूप से पुलिस लाईन देवास में आयोजित किया जाएगा, जिसमें और भी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

### इनका कहना है

सुदृढ़ और शांत मन ही मजबूत बल की पहचान है। पुलिस बल का मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। ऐसे सत्र पुलिस परिवार को और अधिक सक्षम, संवेदनशील एवं सेवा-प्रधान बनाते हैं।

**पुनीत गहलोद**
**पुलिस अधीक्षक देवास**

## श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार कल्याण ट्रस्ट का अन्नकूट आज

**देवास।** श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कारपेंटर ने बताया कि आज 9 नवम्बर रविवार को अन्नकूट का आयोजन श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर राजोदा रोड किंडर स्कूल परिसर पर सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार कल्याणक ट्रस्ट देवास म.प्र.की होने वाले आगामी रुपरेखा (लोकन्यास लेखानुसार) पर भी चर्चा की जावेगी। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रमोद कारपेंटर एवं सचिव विजय शर्मा ने समाजजनों से आग्रह किया कि दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव में सपरिवार पधार कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, तथा 56 भोग प्रसादी का लाभ ले, अधिक से अधिक संख्या में आपकी गरिमामय उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## इरफान मदनी बने यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव

**भौरासा।** भौरासा नगर के इरफान मदनी ने युवा कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय संगठन चुनाव में प्रदेश महासचिव पद हेतु भौंरासा नगर से इरफान मदनी समेत जिले से 11 लोगों ने दावेदारी की थी गुरुवार को हुए प्रदेश स्तर के



विभिन्न पदों पर हुए चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। इरफान मदनी ने 6633 वोट के साथ जिले में सबसे अधिक वोट लाकर एक मात्र प्रदेश महासचिव के चुनाव में निर्वाचित होकर। मदनी देवास, इंदौर, भोपाल के साथ अन्य जिलों से वोट अपने पक्ष में कराने में सफल रहे।

## जनजाति विरासत एवं महानायकों का जीवन चरित्र विषय पर नाटक का आयोजन



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आईक्यूऐसी के तत्वाधान में जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा के मार्गदर्शन में जनजाति विरासत एवं महानायकों का जीवन चरित्र विषय पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य कक्ष के सम्मुख नुक्कड़ नाटक किया गया। विदुषक के रूप में ईश्वर लोधी, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने नाटक का संचालन किया, मोनिका चौहान एम.ए. तृतीय सेमेस्टर ने भगवान बिरसा मुंडा के ब्रिटिश शासन के विरुद्ध किए गए उद्घोष एवं मुंडा जनजाति की विशेषताओं से परिचय कराया। उक्त नाटक में पात्र प्रमोद करवरिया एम.ए. प्रथम सेमेस्टर ने कोरकु एवं सहरिया जनजाति की विशेषताओं की जानकारी दी। करण कुमावत ने भील जनजाति की विशेषताएं एवं टंटियों भील के संदर्भ में जानकारियां प्रदान की। दीपिका गेहलोद ने गोंड जनजातियों की विशेषताओं से सभी को अवगत कराया। गौतम गिरि ने बैगा जनजाति की विशेषताओं की जानकारी प्रदान की। सारिका गोलावत ने भारिया जनजाति के जीवन, संस्कृति से अवगत कराया।

निखिल मालवीय ने कोल जनजाति संस्कृति की विशेषताओं की जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रतिमा रायकवार रही और आभार प्रो. राकेश कोटिया ने माना। इस अवसर पर डॉ. आर. के. मराठा, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. लीना दुबे, डॉ. विवेक अवस्थी, डॉ. माया ठाकुर, प्रो. निहारिका व्यास, प्रो. जितेन्द्र सिंह राजपूत के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वर्मीकंपोज खाद से कदं फसलो सहित गेहूं फसल बड़ी पैदावार





**बागली।** विगत 5 वर्ष पूर्व तात्कालिक शिवराज सिंह सरकार ने किसानो की आय को दुगना करने के लिए केंचुआ खाद के लिए कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से अनुदान देकर वर्मी कंपोज खाद बनाने के लिए प्रेरित करते हुए केंचुए तथा उनके पालन के लिए स्ट्रक्चर तैयार करने हेतु रुचिकर किसानो को ट्रेनिंग देकर उर्वरक खाद बनाने के लिए प्रेरित किया हालांकि प्रचार प्रसार कम होने से और तकनीकी जानकारी नहीं होने से अधिकतर किसान विफल हो गए लेकिन जो किसान सफल हुए आज उनकी किस्मत चमक गई है। हजारों रुपए खर्च करने के बावजूद भी फसलों के उत्पादन में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हो रही थी लेकिन केंचुंवा खाद का उपयोग करने से फसलों के उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता में भी सुधार आया।

### मार्केटिंग का नॉलेज नहीं है

जब किसानों से पूछा गया कि वह इस खाद को पैकिंग करके बेचते क्यों नहीं तो किसान गोविंद एवं हुकुम पाटीदार ने बताया उन्हें मार्केटिंग का नॉलेज नहीं है। हालांकि इंटरनेट मार्केटिंग के जरिए केचुआ खाद?100 किलो से ?150 किलो तक पैकिंग में बिकता है। यदि कोई उचित रूप से इस खाद की मार्केटिंग करे तो अच्छा मुनाफा हो सकता है।

### कैसे बनता है वर्मी कंपोज

उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को निश्चित मात्रा में केंचुए उपलब्ध कराए थे और 12 महीने नमी वाली जगह पर इन केंचुवो को रखने की सलाह दी गई नतीजा यह हुवा की किसानों द्वारा पालन किए गए केंचुए बढ़ते गए और महज 3 महीने में बड़ी मात्रा में सड़े हुए कचरे एवं गोबर से को यह केंचुए खाद में परिवर्तित करने लगे। वर्तमान में किसान गोविंद पाटीदार हुकुम पाटीदार गोलू पाटीदार राहुल पाटीदार के यहां 10 से 12 ट्राली केंचुआ खाद उपलब्ध है। जिसका उपयोग वह स्वयं के खेत में करते हैं। आसपास गमले में बगीचा लगाने वाले मिलने जुलने वाले लोग यहां से केंचुआ खाद ले जाते हैं और बताते हैं परिणाम बहुत बेहतर आता है। समय-समय पर कचरे के देर में नमी के लिए पानी डालना आवश्यक रहता है जिसके चलते केंचुए जीवित रहते हैं और बढ़ते रहते हैं। खाद निकलते समय सावधानी से केंचुए अलग कर दिए जाते हैं हालांकि खाद बनाने की प्रक्रिया में केंचुए नीचे की ओर चले जाते हैं ऊपर ऊपर खाद ही रहता है। इसका उपयोग करने वाले किसानों ने बताया कि वह रासायनिक खाद का उपयोग नहीं के बराबर करते हैं। इस खाद के चलते कंदं फसले लहसुन प्याज आलू एवं अदरक गुणवत्ता के साथ अच्छे उत्पादन में पैदा होता है और उत्पादित फसल में चमक और बड़ी भी ग्रोथ भी साफ-साफ दिखाई देतीहै। उद्यानिकी विभाग के प्रभारी राकेश सोलंकी ने बताया कि किसानों की मांग पर 300 से अधिक किसानों को वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की यूनिट दिए जाने के साथ-साथ केंचुए भी उपलब्ध कराए गए लेकिन मुश्किल से 20 से 25 किस इसका फायदा ले रहे हैं शेष किसानों ने ध्यान नहीं दिया और उनके केंचुए मर गए।

### उत्पादन फसलों पर मिलता है अधिक मुनाफा

केंचुआ खाद उपयोग करने वाले किसान बताते हैं। कि उनकी फसलों को अन्य किसानों की तुलना में अधिक दाम मिलते हैं।

लहसुन एवं आलू फसल में बेहतर चमक होने से नजदीकी मंडी में उनकी फसलों को अधिक भाव दिया जाता है। उसी प्रकार गेहूं फसल को उनके घर से ही अच्छे दामों पर खरीद लिया जाता है।

# कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई

- स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लिया




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150 वीं वर्षगांठ कलेक्टर कार्यालय में मनाई गई. इस मौके पर राष्ट्रगीत गाया और स्वदेशी वस्तुओं निर्माण को बढ़ाने और अपनाने का संकल्प लिया. साथ ही प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव देखा. आज कलेक्टर कार्यालय परिसर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्तिथि में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बीएसएफ बैंड तथा कलापथक दल द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति भी दी गई.

समारोह में बताया गया भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगाँठ को आगामी 1 वर्ष तक मनाया जाएगा. सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक मनाने का निर्णय लिया है. 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व हेतु पूरे साल 4 चरणों में विभिन्न गतिविधि की जाएगी. प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर तक मनाया जाएगा. द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक आयोजित होगा. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी आनंद कलादगी, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रिंकेश वैश्य, निशा डामोर सहित बड़ी संख्या अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

# सोलर प्लांट ट्रांसमिशन लाइन को विद्युत सब स्टेशन से जोड़ने के कारण आज कई क्षेत्रों में जलप्रदाय रहेगा प्रभावित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में आज नर्मदा के तीनों चरणों से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। इस कारण पश्चिम क्षेत्र की कई पानी की टंकियां खाली रह सकती है. जलूद स्थित 60 मेगावाट सोलर प्लांट की पावर ट्रांसमिशन लाइन को 132 के 1 सब स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा. साथ ही पंप गृह क्रमांक 3 पर रबर पैकिंग बदलने, 1400 एम एम व्यास की एम एस पाइप लाइन बिछाने, नर्मदा रिवर साइड पर सबमर्सिबल पंप का सु[illegible] कार्य भी किया जाएगा.**

इस दौरान नर्मदा के सभी चरणों का शटडाउन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रहना प्रस्तावित हैं. नर्मदा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के सभी पंप बंद होने से आज 8 नवंबर को बिलावली टंकी, अन्नपूर्णा टंकी, कॉटन अड्डा टंकी, पी. डब्ल्यू. डी. टंकी, , पागनिशपागा टंकी, भवरकुआ टंकी, महावीर नगर टंकी, स्कीम न 94, रेडियो कॉलोनी टंकी, एम् वाय टंकी, यशवंत क्लब टंकी, स्कीम न 54 टंकी, बजरंग नगर टंकी से होने वाला सीधा जल प्रदाय प्रभावित रहेगा.

### कल इन क्षेत्रों में रहेगा प्रभावित

कल 9 नवंबर को नर्मदा तीनो चरणों के पंप बंद होने के कारण सुबह निम्न टंकियों से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा. इनमें अन्नपूर्णा, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, एम ओ जी लाइन, लोकमान्य नगर, द्रविण नगर, महाराणा प्रताप नगर, कुशवाह मोहल्ला, नरवल, अगरबत्ती, टिगरिया बादशाह, सुभाष चौक, सदर बाज़ार, गांधी हाल, मल्हार आश्रम, बिलावली, भंवरकुआ, खातीवाला टैंक, स्नेह नगर, गाडी अड्डा, सीपी शेखर नगर, एमवाय, पी डब्ल्यू डी, यशवंत क्लब, कॉटन अड्डा, कुलकर्णी का भट्टा, एमआईजी, नंदा नगर रोड न 13, बर्फानी धाम, सुखलिया, महालक्ष्मी नगर, स्कीम नं 54, स्कीम नं 74, स्कीम नं 114 पार्ट 2, नानक नगर, स्कीम न 94, मूसाखेड़ी, टूटी प्रेस, महावीर नगर, खजराना, स्कीम नं. 71, स्कीम नं 114 पार्ट 1, स्कीम नं 78, स्कीम नं 78 स्लाइस 1, स्कीम नं 78 स्लाइस 2, लोहा मंडी, राजीव आवास विहार, स्कीम नं 113, स्कीम नं 136 सहित आदि टंकियां शामिल है.

# पचमढ़ी शिविर में वानखेड़े परिवार से मुलाकात करेंगे राहुल गांधी

**नव भारत न्यूज**

**इन्दौर.** मध्यप्रदेश पंचमढ़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में आज कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भाग लेंगे. गांधी प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्षों संगठनात्मक गतिविधियों को संचालित करने के लिए मार्गदर्शन देंगे. साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात भी करेंगे. इसी के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन्दौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के परिवार



से व्यक्तिगत मुलाकात भी करेंगे. उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरिश चौधरी भी रहेंगे.

# जिराती समर्थक परमार को नोटिस

**इंदौर.** बीजेपी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज पूर्व विधायक जीतू जिराती समर्थक अंकित परमार को नोटिस जारी किया है. नोटिस में 7 दिन के अंदर पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने का स्पष्टीकरण मांगा गया है. 28 अक्टूबर को नगर कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नगर अध्यक्ष की नाम पट्टिका और पोस्टर पर कालिख पोत दी गई थी. कालिख पोतने में कांग्रेसी नेता मिलाप मिश्रा के साथ भाजपा के सोशल मीडिया सह संभाग प्रभारी अंकित परमार की भूमिका भी बताई जा रही है. इसलिए आज प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर परमार को मिश्रा ने नोटिस देकर जवाब मांगा है.

# महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए कानून की समझ आवश्यक

- फिक्की फ्लो द्वारा पिंक लीगल सेमीनार का आयोजन



**इंदौर.** फिक्की एफएलओ इंदौर द्वारा पिंक लीगल शीर्षक से एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन डीसीबीएम में किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था.

एडवोकेट निधि वैद्य, जो मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर में प्रैक्टिस करती हैं, ने महिलाओं के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला और आत्मरक्षा व आत्मविश्वास के लिए कानून की समझ को आवश्यक बताया. इस कार्यक्रम का सफल आयोजन और संचालन सीए प्रिया बिंदल, कार्यकारिणी सदस्य एवं वित्तीय साक्षरता एवं विधिक पहल की प्रमुख द्वारा किया गया. सीए श्वेता अग्रवाल, चेयरपर्सन फिक्की एफएलओ इंदौर ने कहा कि संगठन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे सार्थक प्रयास लगातार करता रहेगा.